52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 27.9 °c | अधिकतम 26.8 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:06 सूर्यास्त : 6:19 | वर्ष : 52/ अंक : 260 | बृहस्पतिवार, 19 सितम्बर 2024 | अश्विन, कृष्ण पक्ष, द्वितीया | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

जितनी भी हो टेंशन..... लेकिन न हो करप्शन

**अमृतवाणी**

जिन्दगी में मनुष्य के आँखें बन्द करने से कभी मुसीबत नहीं टला करती है, बल्कि उस मुसीबत का सामना करने से मनुष्य की आँखें खुला करती हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

वन नेशन वन इलेक्शन-विपक्ष में टेंशन : आचार्य प्रमोद कृष्णम



# सराहनीय : रिश्वतखोरों का नाम बताओ और डीएम साहब से 11 हजार रुपये का इनाम पाओ




**मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)।** कई जिलाधिकारी आए और आकर चले भी गए और यह तक पता नहीं चला कि आखिर वे जिले को जनहित में क्या देकर गए। लोग एक दूसरे से जब बात करते हैं तो कुछ अधिकारियों की कुछ उपलब्धि नहीं मिलती और कुछ अधिकारी आते ही आम जनता के हित में कोई ऐसा जज्बा दिखा जाते हैं कि वे वास्तव में समाज के लिए कुछ करने के लिए जिले में आए हैं। हाल ही में मुजफ्फरनगर जिलाधिकारी के रूप में आए उमेश मिश्रा ने एक शानदार घोषणा की है। यदि आम जनता किसी भी सरकारी कर्मचारी को रिश्वत देने से पहले भ्रष्टाचार मिटाने के लिए जिलाधिकारी को सूचित करेगी तो 11 हजार रुपये इनाम पाएगी। यह घोषणा स्वयं जिलाधिकारी ने अपने आप की है। उन्होंने कहा कि आप सीधे रिश्वतखोरों की शिकायत उसमें चाहे कोई अफसर हो या कोई कर्मचारी रिश्वत मांगता है तो आप सीधे उसकी शिकायत उनसे कर सकते हैं। शिकायत सत्य पाए जाने पर शिकायतकर्ता का नाम गुप्त रखा जाएगा और शिकायकर्ता को 11 हजार रुपये का इनाम दिया जायेगा। यदि वास्तव में मुजफ्फरनगर जिले में यह बात अमल में लाई गयी तो 100 फीसदी न सही 50 फीसदी भ्रष्टाचार से निजात मिलती दिखाई देगी। अब देखना यह होगा कि उक्त कही बात कितनी अमल में लाई जाती है।

## जिलाधिकारी बोले ... हमारी एंटी करप्शन टीम अब भ्रष्टाचारियों को पकड़ेगी

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध मुहिम छेड़ते हुए एक ओर जहां सरकार की मंशा के अनुरूप एक शानदार घोषणा 11 हजार रुपये देने की, वहीं दूसरी ओर यह भी बताया कि 11 हजार रुपये की घोषणा के साथ साथ वे अपनी एक टीम जोकि एंटी करप्शन टीम होगी, जमीन पर उतारकर स्वयं भी भ्रष्टाचार की जांच कराने का काम करेंगें।

## आमजन को भी करना चाहिए जिलाधिकारी का सहयोग

**मुजफ्फरनगर।** यदि वास्तव में हम लोग भ्रष्टाचार समाप्त करना चाहते हैं तो जिलाधिकारी की इस पहल का स्वागत करने के साथ साथ सहयोग भी करना होगा। सरकारी दफ्तरों में ही नहीं आज हर चौराहे पर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। ऐसे में आप अपने मोबाइल द्वारा भी स्टिंग करके जिलाधिकारी को प्रमाण सहित दिखा सकते हैं कि मुजफ्फरनगर में हर चौराहे पर किस तरह से भ्रष्टाचार हो रहा है। कुछ लोग तो यह सोच रहे होंगे कि हर चौराहे पर किस तरह भ्रष्टाचार होता है, भ्रष्टाचार तो आज तक सरकारी कार्यालयों और दफ्तरों में ही देखा है। कुछ दिनों बाद यह तस्वीर भी साफ हो जाएगी कि चौराहों पर किस तरह से भ्रष्टाचार होता है।

## नेताओं ने न सही किसी अधिकारी ने तो भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की सोची

**मुजफ्फरनगर ।** भ्रष्टाचार का चर्चा जब भी होता है, तो कोई खुलेआम तो कोई दबी जुबां में यह साफ दिखाई देता है कि भ्रष्टाचार देश के लोगों की नस नस में शामिल हो गया है और इसे खत्म करना नामुमकिन काम है। एक सर्वे की बात करें तो मौजूदा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। ऐसे में किसी नेता के अंदर तो पिछले 10 वर्षों में तो यह जज्बा नहीं जगा कि देश से न सही कम से कम अपने जिले से तो भ्रष्टाचार कम कराने की कोशिश करें। मगर यदि एक अधिकारी की पवित्र मंशा यह है कि सबसे पहले जिले में भ्रष्टाचार समाप्त होना चाहिए तो इस पहल का सभी को स्वागत करने के साथ साथ लाभ भी उठाना चाहिए। आज प्रत्येक व्यक्ति छोटे से छोटे काम से लेकर बड़े से बड़े काम में यही कोशिश करता है कि उसे सरकारी कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें, इससे बेहतर तो अलग अलग कामों की अलग अलग कीमत के अनुसार कर्मचारी व अधिकारी को पैसा देकर काम कराना सुगम मानता है। अब तो नेताओं की दहलीज पर भी अपने जरूरी कामों के लिए आम जनता ने तांता लगाना छोड़ दिया क्योंकि पिछले दस वर्षों में नेताओं ने जो उपलब्धि हासिल की है, उसका पता सभी को है। आम जनता अपने मुंह से खुद कहती है कि नेताओं की सिफारिश से तो होने वाले काम भी रुक जाते हैं और जो न होने लायक काम होते हैं उनकी सिफारिश करना तो नेताओं के वश की बात ही नहीं। ऐसे में भ्रष्टाचार को कम करने के लिए यदि कोई अधिकारी अपना जज्बा लेकर जिले में आए हैं, तो वास्तव में यह कार्य प्रशंसनीय है।

## जनपद में बारहवीं तक के स्कूलों में बारिश के चलते आज अवकाश घोषित

**मुजफ्फरनगर, 18 सितंबर (बु.)।** भारी बारिश और कल भी मौसम खराब रहने के मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए जिले में बारहवीं कक्षा तक के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। मुजफ्फरनगर समेत पश्चिम उत्तर प्रदेश में अनेक स्थानों पर आज दिन भर बारिश रही। इसके चलते कई जिलों में स्कूलों के अवकाश की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। जिला प्रशासन ने देर रात इस आशय का निर्णय लिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 19 सितंबर 2024 को जनपद में हो रही लगातार बारिश के दृष्टिगत कक्षा 12 तकसमस्त बोर्ड/मान्यता प्राप्त/प्राथमिक विद्यालय/परिषदीय विद्यालयों में अवकाश रहेगा। याद रहे कि मौसम विभाग ने मुजफ्फरनगर समेत वेस्ट यूपी के कई जिलों में गुरुवार को भारी बारिश की आशंका जताई है।

## मोदी ने वन नेशन-वन इलेक्शन को कहा लोकतंत्र को अधिक जीवंत करने की दिशा में अहम कदम

**नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसी)।** 'वन नेशन-वन इलेक्शन' के मसौदे को आज मोदी सरकार की कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को वन नेशन-वन इलेक्शन पर गठित पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी की सिफारिशों पर अपनी मुहर लगा दी। फैसले को मंजूरी मिलने के बाद अब पीएम मोदी की प्रतिक्रिया सामने आई है। पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए कहा कि, कैबिनेट ने एक साथ चुनाव कराने संबंधी उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। मैं इस प्रयास की अगुआई करने और विभिन्न हितधारकों से परामर्श करने के लिए हमारे पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद जी की सराहना करता हूं। यह हमारे लोकतंत्र को और भी अधिक जीवंत और सहभागी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि, 'पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत परिवर्तनकारी सुधारों का गवाह बन रहा है। आज, इस दिशा में, केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा एक राष्ट्र, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार करने के साथ, भारत ऐतिहासिक चुनाव सुधारों की दिशा में एक बड़ा कदम उठा रहा है। यह स्वच्छ और वित्तीय रूप से कुशल चुनावों के माध्यम से हमारे लोकतंत्र को मजबूत करने और संसाधनों के अधिक उत्पादक आवंटन के माध्यम से आर्थिक विकास में तेजी लाने की मोदी जी की दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाता है।



## बैंक के बाहर युवक से एक लाख की नकदी लूटी

**मुजफ्फरनगर, 18 सितंबर (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र में बैंक से पैसे निकालकर जा रहे एक युवक से एक लाख रुपये की नकदी लूट ली। शहर कोतवाली क्षेत्र की मौहल्ला नई आबादी निवासी शाहवेज पुत्र मौहम्मद अली ने पुलिस को दी गयी सूचना में बताया कि वह मंगलवार शाम भारतीय स्टेट बैंक की शाखा से एक लाख रुपये की नकदी निकालकर जैसे ही बैंक से बाहर निकला तो वहां बैंक के बाहर एक युवक ने उसे रोक लिया। शाहवेज उससे बात करते हुए बाइक के पास तक गया तथा नोटों से भरा थैला बाइक पर लटकाकर फोन पर बात करने लगा, इसी दौरान बदमाश उसका नोटों से भरा थैला लेकर फरार हो गया। उसने उसका पीछा करने की कोशिश की, लेकिन बदमाश का कोई सुराग नहीं लगा। बाद में उसने शहर कोतवाली पुलिस को मामले की सूचना दी।

## शाहपुर क्षेत्र में देर रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार सगे भाइयों को कुचला, बड़े की मौत, छोटा गंभीर घायल


मृतक


घायल

**शाहपुर, 18 सितंबर (बु.)।** शाहपुर क्षेत्र के गांव काकड़ा में बुधवार देर रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो सगे भाइयों को कुचल दिया, जिसमें बड़े भाई की मौके पर मौत हो गई, जबकि छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव काकड़ा निवासी 20 वर्ष से विवेक पुत्र सुभाष अपने छोटे भाई 14 वर्षीय आदित्य पुत्र सुभाष के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव वापस आ रहा था। देर रात्रि काकड़ा के पास ही तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिससे कुचलकर विवेक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका छोटा भाई आदित्य गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना की सूचना मिलने पर थाना पर बारिश सुनील कसाना पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को शाहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से उसे जिला चिकित्सालय रैफर किया गया, जबकि मृतक के शव को पोस्टमार्टम पर भेजा गया है। पुलिस दुर्घटना में शामिल वाहन का पता लगाने में जुटी है। समाचार लिखे जाने तक परिजन अभियोग पंजीकृत करने की तैयारी कर रहे थे।

## धार्मिक श्रावणी मेले में बार बालाओं ने लगाये अश्लील ठुमके

- महिलाओं और बच्चों के सामने याद ए रफी रंगारंग कार्यक्रम में हुई अश्लीलता पर बजरंग दल में रोष
- राष्ट्रपति के चित्र पर जूते रखने का भी आरोप, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, कार्यवाही करने की मांग

**खतौली, 18 सितम्बर (बु.)।** धार्मिक श्रावणी मेले के अवसर पर नगर पालिका परिषद् के तत्वावधान में आयोजित याद ए रफी रंगारंग कार्यक्रम में बार बालाओं के द्वारा अश्लील गानों पर अश्लील नृत्य के प्रदर्शन के विरोध में भड़के बजरंग दल नेताओं ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर धार्मिक आस्थाओं को आहत करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में साम्प्रदायिक सौहार्द्र की मिसाल के प्रतीक धार्मिक श्रावणी मेले (छड़ियान) में नगर पालिका परिषद् के तत्वावधान में बीती रात याद ए रफी रंगारंग का आयोजन सम्पन्न हुआ। धार्मिक आस्था के प्रतीक मेले के दौरान पालिका द्वारा आयोजित बीती रात नगर पालिका प्रांगण में पालिका अध्यक्ष सभासदों सहित पालिका अधिकारियों में आयोजित कार्यक्रम में नृतिकाओं द्वारा अश्लील गानों पर पाश्चात्य वैशभूषा धारण कर अश्लील नृत्य प्रस्तुत किये जाने का वीडियो बुधवार को सुबह से ही सोशल मीडिया पर वायरल होने से जहां नगर के लोगों में धार्मिक मेले के दौरान प्रदर्शित अश्लील नृत्य को लेकर चर्चाओं का दौर बना रहा, वहीं नगर पालिका परिषद् के तत्वावाधान में पालिका भवन में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में धार्मिक आस्थाओं को आहत किये जाने को लेकर बजरंग दल संयोजक चन्द्रपाल राजपूत के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी को एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में धार्मिक आस्था के प्रतीक श्रावणी मेले के दौरान नगर पालिका परिषद् के तत्वावधान में बीती रात नगरपालिका कार्यालय भवन में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम दर्शकों के सामने नृतिकाओं द्वारा अश्लील गानों पर अश्लील नृत्य का प्रदर्शन कर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में कार्यक्रम आयोजक मण्डल द्वारा सभी मान मर्यादाओं को भूलकर जहां दर्शकों में मौजूद महिलाओं व अव्यस्क बच्चों को शर्मसार करने का आरोप लगाया गया, वहीं कार्यक्रम में मौजूद पालिका प्रशासन व पालिका बोर्ड के चयनित पदाधिकारियों द्वारा इस पर मौन बने रहने पर चिन्ता व्यक्त की गई है। ज्ञापन में बजरंग दल नेताओं द्वारा आयोजकों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई है। वहीं दूसरी ओर नगर पालिका प्रांगण में आयोजित याद ए रफी रंगारंग कार्यक्रम में पुलिस की मौजूदगी में युवाओं के दो गुटों में कार्यक्रम के मंच के पास हुई भीषण मारपीट का सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ।



## एक राष्ट्र, एक चुनाव के प्रस्ताव को मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली 18 सितम्बर (वार्ता)** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने देश में लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने के मोदी सरकार के महत्वाकांक्षी लक्ष्य 'एक राष्ट्र,एक चुनाव' को लागू करने के संबंध में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए इस बारे में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को बुधवार को मंजूरी दे दी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गये निर्णयों की जानकारी देते हुए एक संवाददाता सम्मेलन में कहा , ''मंत्रिमंडल ने आज एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है और एक राष्ट्र, एक चुनाव के संबंध में उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों को मंजूरी दे दी है।'' श्री वैष्णव ने एक सवाल पर जोर देकर कहा कि सरकार इस व्यवस्था को लेकर राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में व्यापक चर्चा करायी जाएगी। इसके पश्चात इसे सभी दलों की सहमति से लागू किया जाएगा और 2029 तक के इसी कार्यकाल में इसे लागू करने का इरादा है। उन्होंने कहा कि वेबसाइट पर रिपोर्ट उपलब्ध है। इसे कोई भी देख सकता है और अपनी राय दे सकता है। उन्होंने कहा कि युवाओं ने इस विचार को लेकर काफी सकारात्मक एवं उत्साहजनक प्रतिक्रिया व्यक्त की है। यह पूछे जाने पर कि इसे कब तक लागू किया जाएगा, श्री वैष्णव ने कहा कि दो तीन माह में इस पर चर्चा होने के बाद सहमति कायम की जाएगी, उस सहमति के अनुरूप एक क्रियान्वन समूह का गठन किया जाएगा जो इस प्रणाली के लिए आवशयक कानूनों में संशोधन आदि प्रक्रियाओं को पूरा करने की रूपरेखा बनाएगा। सरकार इसे 2029 तक के मौजूदा कार्यकाल में ही क्रियान्वित करना चाहती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के एक राष्ट्र, एक चुनाव को असंभव बताये जाने को लेकर पूछे जाने पर कहा कि उच्च स्तरीय समिति की बैठक में ऐसे अनेक दलों के प्रतिनिधियों ने बहुत ही रचनात्मक सुझाव दिये हैं जो सामने से विरोध कर रहे हैं। इसलिए हमें उम्मीद है कि सर्वसम्मति से यह निर्णय लागू हो सकेगा।

## एसओजी का अबुपुरा में छापा, जुआ खेलते पांच लोग दबोचे

**मुजफ्फरनगर।** एसओजी ने खालापार थाना क्षेत्र के अबुपुरा ठाकुरद्वारा में राजेश नामक व्यक्ति की छत पर जुआ चल रहा था। इसकी सूचना पर पुलिस पहुंची तो राजेश की छत से राजेश सहित नकीब, समुन, सुनील और विक्रान्त कुल पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जहां के ताश के पत्ते व लगभग 30 हजार रूपये की नकदी बरामद की गयी। देर रात पुलिस मुकदमा दर्ज कर उनका चालान करने की तैयारी रही थी।

## गैंगरेप में दो आरोपियों को आजीवन कारावास

**मुजफ्फरनगर, 18 सितंबर (बु.)।** पुरकाजी थाने की एक महिला द्वारा 14 नवम्बर 2016 को दर्शन निवासी मेहसरी थाना लक्सर तथा वंछी निवासी थाना पुरकाजी के नाम रिपोर्ट दर्ज कराई गयी कि उसकी 15 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर उक्त दोनों लोग अपने साथ ले गए। आरोप था कि दोनों लोगों ने उसकी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म किया। घटना से दो माह पूर्व भी आरोपी उसकी बेटी को जबरदस्ती खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करते रहे। इसी बीच उसकी बेटी गर्भवती भी हो गयी। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया तथा उसके बयान दर्ज कराए गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर ली और इस मामले में पॉक्सो कोर्ट में मुकदमा ले जाया गया। उक्त मामले की सुनवाई पॉक्सो कोर्ट की न्यायाधीश मंजुला भालोटिया की कोर्ट में हुई। इस मामले में छह गवाह भी पेश किये गए। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद बुधवार को दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई व पचास हजार रुपये अर्थदण्ड भी लगाया।

## बामनहेड़ी में 40 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला

मुजफ्फरनगर, 18 सितंबर (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के बामनहेड़ी के पास रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला, जिसकी पहचान जसवंतपुरी निवासी संदीप (40) के रूप में हुई। सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मोर्चरी भेज दिया। दिन निकलते ही इसकी सूचना लोगों को स्वयं पुलिस ने दी। शव की सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और उन्होंने बताया कि कुछ दिनों से मृतक संदीप कुमार परेशान चल रहा था और बुधवार को बिना बताए ही कहीं चला गया था।

## हरियाणा की थार गाड़ी का चालान



**मुजफ्फरनगर, 18 सितंबर (बु.)।** देर शाम रिमझिम बारिश के दौरान एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने खतौली में चैकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान जब उन्होंने एक थार गाड़ी को लाल बत्ती लगाकर ले जाते हुए देखा तो उक्त थार गाड़ी रुकवाकर उसमें लगी लाल बत्ती की बाबत पूरी जानकारी हासिल की। जब उक्त लाल बत्ती अवैध पाई गयी तो तुरन्त गाड़ी संख्या एचआर 26 डीओ 5577 का चालान कर दिया और हाथोंहाथ थार गाड़ी पर लगी लाल बत्ती को उतरवाया गया। इस मामले में उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस तरह किसी को भी लाल बत्ती लगाकर चलने का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे में उक्त थार गाड़ी के विरुद्ध कार्यवाही की गयी।

श्री सूरजमल सुशीला जैन धर्मार्थ ट्रस्ट (रजि0) एवं
वरदान धर्मार्थ नेत्र सेवा संस्थान (पंजी0), प्रेमपुरी, मुजफ्फरनगर
के सौजन्य से आयोजित
स्व0 अनिता तायल की चतुर्थ पुण्य तिथि पर
उनके पति रामकुमार तायल (प्रदेश महामंत्री अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन) द्वारा प्रायोजित
आँखों का नि:शुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन का विराट कैम्प
दिनांक: शुक्रवार, 20 सितम्बर, 2024
समय: प्रात: 9.30 बजे से दोपहर 12.30 तक
स्थान: वरदान धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय
77, प्रेमपुरी, श्रेयांस डेयरी के सामने, मुजफ्फरनगर
चिकित्सक : डा0 स्वाति अग्रवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (सीनियर आई सर्जन)
निवेदक- रामकुमार तायल, वंशज-वान्या तायल (पुत्र-पुत्रवधु)
गोल्डी-सचिन (पुत्री-दामाद), मीनाक्षी-नीरज (पुत्री-दामाद)
खुशबु-अंकित (पुत्री-दामाद), प्राची-गौरव (पुत्री-दामाद)

एस.के.बी. आरोग्यम्
सुपर स्पेशलिटी हैल्थकेयर (हॉस्पिटल)
Indraprastha Apollo HOSPITALS
TOUCHING LIVES
अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त
गैस्ट्रो-हेपेटिक सैंटर
मुजफ्फरनगर में अपोलो के सर्वश्रेष्ठ डॉक्टर्स की टीम द्वारा
पेट, लिवर, पेट के कैंसर का परामर्श तथा एण्डोस्कोपी, क्लोनोस्कोपी व ERCP
24/7 इमरजेंसी सुविधा
डॉ. सुप्रीत कुमार
MBBS (Gold Medal), M.S., (Gen. Surg.), DrNB (GI Surgery)
Fellowship: LIVER TRANSPLANT & HPB Surgery (IAH)
Consultant: Deptt. of Surgical Gastroenterology & GI Oncology
Advanced Minimal Access Surgery & Robotic Surgery
✔ पित्त की थैली व नली में पथरी व कैंसर सर्जरी
✔ भोजन नली कैंसर सर्जरी
✔ लीवर व प्रेंक्रियाज कैंसर सर्जरी
✔ पेट, छोटी–बड़ी आंत व मलद्वार का कैंसर
✔ अपेंडिक्स, हॉर्निया, पाइल्स, पथरी का दूरबीन से ऑपरेशन
✔ बेरियाट्रिक सर्जरी (मोटापा)
✔ खाने के तुरंत बाद उल्टी होना व खून आना
✔ पुराना कब्ज एवं दस्त
✔ शराब के कारण लीवर खराब होना
✔ भोजन निगलने में दर्द या रूकावट
✔ गले या छाती में जलन व खट्टा पानी आना
✔ हिस्ट्रैक्टमी, रैक्टलप्रोलेप्स की लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
✔ सुडोपेनक्रियाटिक सिस्ट लेप्रोस्कोपिक सर्जरी।
डॉ. अमित पंडिता
MBBS MD, DNB- GASTROENTEROLOGY
कन्सल्टेंट- गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी एवं हेपेटोलॉजी
✔ पेट में गैस व एसीडिटी
✔ पेट में छाले एवं घाव (अल्सर)
✔ आमाश्य एवं अग्नाशय की बिमारियाँ
✔ खून की उल्टी एवं पेट में पानी भरना
✔ लीवर की जटिल बिमारियाँ
✔ छोटी व बड़ी आंत की बिमारियाँ
✔ पेट व लीवर की गंभीर समस्याएँ।
गैस्ट्रो एवं लीवर की समस्याओं के लिए सर्वोत्तम हॉस्पिटल
9259537823
8791857001
7300740070
7300740072
8979543430
19 सितम्बर, 2024 (बृहस्पतिवार)
प्रात: 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक
जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

